हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार, 1 फरवरी 2025

तापमान

अधिकतम 26.9 डिग्री
न्यूनतम 5.3 डिग्री

10 भारत में मुंह के कैंसर में लगातार बढ़ोत्तरी चिंता .



11 मंगलवार को सिंदूर चढ़ाने से प्रसन्न होते हैं हनुमान ..



## खबर संक्षेप

### प्रो. सुमित गिल गणित विभाग के अध्यक्ष नियुक्त



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुमित गिल को गणित विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर गणित विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल की नियुक्ति 1 फरवरी 2025 से तीन वर्ष हेतु की गई है।

### मदविः पुस्तक विमोचन आज होगा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का विवेकानंद पुस्तकालय 1 फरवरी को पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन करेगा। विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष डा. सतीश मलिक ने बताया कि भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डा. शरणजीत कौर इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लेखक कृष्ण लाल की पुस्तक-लव एंड पीस का विमोचन करेंगी। यह कार्यक्रम पुस्तकालय के कमेटी कक्ष में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।

### मदवि में प्रैक्टिकल परीक्षाएं 5 से 11 तक

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमएड प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन एमआर प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर प्रैक्टिकल परीक्षाएं 5 से 11 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि उपरोक्त प्रैक्टिकल परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### गाइडेंस प्रोग्राम के लिए 10 तक रजिस्ट्रेशन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज 10 से 28 फरवरी तक- सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के छठे बैच का आयोजन करेगा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रो. शालिनी सिंह ने बताया कि इस एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम में विद्यार्थियों के संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, समूह चर्चा, साक्षात्कार कौशल, सामान्य ज्ञान पर विषय विशेषज्ञ विशेष फोकस करेंगे। उन्होंने बताया कि एडमिशन लेने के इच्छुक एमडीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थी 10 फरवरी तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए एक्टिविटी सेंटर स्थित यूथ सेंटर कार्यालय में विजिट कर सकते हैं।

### मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन कल

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के कार्यालयाधीक्षक सत्यवान आर्य ने बताया कि मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन 2 फरवरी को सुबह 9 बजे से 12:30 बजे तक पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानंदमठ में होगा, जिसके मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ. बलदेव (पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय) होंगे तथा भजनोपदेशक सत्यनारायण आर्य, विनोद आर्य आदि भजन प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन सुभाष सांगवान प्रधान, वेदप्रचार मंडल करेंगे।

### दुकान से हजारों रुपये का सामान चोरी

**महम।** लाखन माजरा में एक दुकान से हजारों रुपए का सामान चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में नांदल गांव निवासी सतीश कुमार पुत्र उमेद सिंह ने बताया कि उसने लाखन माजरा में अनाज गोदाम के पास नांदल रोड पर एक प्रोपर्टी डीलर ऑफिस बनाया हुआ है। श्री श्याम प्रोपर्टी एडवाइजर के नाम से यह ऑफिस है। वह ऑफिस बंद करके घर चला गया।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीनबंधु सर छोटू राम की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, बोले

# सर छोटूराम के आदर्शों पर चलते हुए प्रदेश को विकास और जनकल्याण के मामले में मॉडल राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प

## जाट संस्था को सीएम ने 31और शिक्षा मंत्री ने 21 लाख रुपये देने की घोषणा की

- मुख्यमंत्री ने कहा-चौधरी छोटूराम का जीवन एक संदेश है कि अगर हम संकल्प लें और मेहनत करें, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती
- पीएम ने विकसित भारत के लिए किसान, गरीब, नारी और युवा शक्ति को चार स्तंभ माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रहबर-ए-आजम दीनबंधु चौधरी छोटूराम की 144वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने जाट शिक्षण संस्थाओं को 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। सीएम के अलावा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने भी संस्था को 21 लाख रुपये देने का ऐलान किया। हम सर छोटूराम के आदर्शों पर चलते हुए प्रदेश को विकास और जनकल्याण के मामले में मॉडल राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प। संस्था की मांगों के संदर्भ में कहा कि महारानी किशोरी महिला महाविद्यालय में होस्टल के लिए संस्था द्वारा नियमानुसार मैचिंग ग्रांट के रूप में पैसा जमा करवाने उपरांत सरकार 10 करोड़ की राशि उपलब्ध कराएगी। संस्था द्वारा रखी गई अन्य मांगों की फिजिबिलिटी चेक करवाई जाएगी।

### छोटू राम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते सीएम






**रोहतक।** रहबर-ए-आजम दीनबंधु चौधरी छोटूराम की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पोस्टर देती छात्रा। फोटो: हरिभूमि

### सर छोटूराम ने गरीबों, दलितों, शोषितों एवं उपेक्षित लोगों के उत्थान एवं सम्मान की लड़ाई लड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार दीनबंधु सर छोटूराम के आदर्शों पर चलते हुए प्रदेश को विकास और जनकल्याण के मामले में देश का मॉडल राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प है। रहबर-ए-आजम चौ. छोटूराम ने जीवन पर्यंत किसानों, मजदूरों व गरीबों के कल्याण के लिए संघर्ष किया। उन्होंने किसानों, मजदूरों और छोटे दुकानदारों के हितों के लिए कार्य किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौ. छोटूराम का जीवन एक संदेश है कि अगर हम संकल्प लें और मेहनत करें, तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। चौधरी छोटूराम बहुमुखी प्रतिभा, विचारशील, विवेक एवं सिद्धांतवादी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने गरीबों, दलितों, शोषितों एवं उपेक्षित लोगों के उत्थान एवं सम्मान के लिए जीवनभर लड़ाई लड़ी।





रहबर-ए-आजम दीनबंधु चौधरी छोटूराम के 144वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जाट शिक्षण संस्थान के लोग।

### प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री



### किसानों को पराली प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों पर 122 करोड़ का अनुदान प्रदान किया गया

सीएम सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लिए किसान, गरीब, नारी और युवा शक्ति को चार स्तंभ माना है। चौ. छोटूराम की किसान व मजदूर हितैषी नीतियों पर चलते हुए प्रदेश सरकार कृषि के विकास और किसानों की भलाई के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। हाल ही में, राज्य सरकार ने किसान हित में कदम उठाते हुए पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाल करते हुए कृषि भूमि पट्टा एक्ट लागू करके पट्टेदारों को मालिकाना हक दिया है। सरकार फसल से लेकर बाजार तक जुड़ी सभी सुविधाएं किसानों को उपलब्ध करवा रही है। किसानों को पराली प्रबंधन के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों पर 122 करोड़ रुपए का अनुदान प्रदान किया गया है। इससे पूर्व सीएम ने जाट शिक्षण संस्थान परिसर में स्थित चौ. छोटूराम के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने भी पुष्प अर्पित चौ. छोटूराम को नमन किया।

### चौ. छोटूराम ने समाज को शोषण मुक्त करने का संकल्प लियाः शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि चौ. छोटूराम ने समाज को शोषण मुक्त करने का संकल्प लिया तथा अन्याय के विरुद्ध हुंकार भरी थी। उन्होंने जीवन पर्यंत गरीब, पिछड़े, दलित व शोषित वर्गों के कल्याण के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उन्होंने कहा जनता ने मजबूत राजनीतिक सोच के नेतृत्व को देश की कमान सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार में जन्मे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का सपना है कि अब कोई भी बच्चा धन के अभाव में शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहे।

### जाट शिक्षण संस्था के 10 संस्थानों में 15 हजार छात्र

जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाणा ने सभी अतिथिगण का स्वागत किया तथा शिक्षण संस्था में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्था के 10 संस्थानों में लगभग 15 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे है। सीआरसी की प्रधान शबनम राठी ने शिक्षण संस्था की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। जाट शिक्षण संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का सम्मान का किया। समारोह के दौरान प्रतिष्ठित कलाकार डॉ. जगबीर राठी और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने दीनबंधु सर छोटूराम के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित प्रस्तुति दी।

### ये मौजूद रहे

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा, प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, मुख्यमंत्री के ओएसडी (प्रचार) गजेंद्र फोगाट, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, डॉ. आदित्य बत्तरा, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि शेखर व कांची सिंघल, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, जाट शिक्षण संस्था रोहतक के उपप्रधान धर्मराज, महासचिव नवदीप (मोनू), कोषाध्यक्ष सुधीर हुड्डा, कार्यकारिणी सदस्य, कॉलेजियम सदस्य, छोटूराम जन्मोत्सव समिति की प्रधान डॉ. शबनम राठी, कार्यक्रम के सभापति डॉ. सुभाष दहिया, सुखबीर चंदोलिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**सियासत** विस चुनाव में पाला बदलने का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है

# जिले में एक पंचायत समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी पर संकट

- इलेक्शन परिणाम के बाद फिर से सरकार पींग बढ़ाने की कोशिश लेकिन बदले में मिली दुत्कार

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

जिले में रोहतक, लाखनमाजरा, महम, कलानौर और सांपला पंचायत समिति हैं। अब इनमें से एक पंचायत समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की कुर्सी पर खतरा मंडरा रहा है। अध्यक्ष को लेकर 16 शपथ पत्र शुक्रवार को प्रशासन को दिए जा चुके हैं। जिन पंचायत समिति सदस्यों ने शपथ पत्र दिए हैं, उन्होंने अपने शपथ पत्र में बताया है कि अध्यक्ष बहुमत खो चुके हैं। इसलिए हाउस की मीटिंग बुलाई जाए। सूत्र बताते हैं कि हाउस मीटिंग बुलाने से पहले पंचायत विभाग के अधिकारी शपथ पत्र देने वाले व्यक्तियों से व्यक्तिगत ये पूछेंगे कि जो शपथ पत्र दिए गए हैं, वे उन्होंने ही दिए हैं या नहीं नहीं। अफसरों द्वारा संतुष्टि होने के बाद ही हाउस मीटिंग बुलाने की प्रक्रिया शुरू होगी। एक सप्ताह के अंदर हाउस की बैठक बुलाई जा सकती है। इस मामले में सबसे रोचक पहलू ये है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को तभी पद से हटाया जा सकता है। जब एक तिहाई पंचायत समिति सदस्य अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ हों और सदन की कार्यवाही में भाग लें।




### उपाध्यक्ष के खिलाफ सोमवार को एफिडेविट दिए जा सकता

अध्यक्ष के खिलाफ शपथ पत्र देने के बाद उपाध्यक्ष के खिलाफ सोमवार को एफिडेविट दिए जा सकते हैं। प्रशासनिक अधिकारी चाहते हैं कि अगर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यों की बगावत हो चुकी है तो फिर क्यों दोनों के खिलाफ एक-एक ही शपथ पत्र सदस्य दें। ऐसा होने पर एक ही दिन हाउस की मीटिंग बुलाकर पंचायत समिति सदस्यों की राय वैधानिक रूप से जान ली जाए।

### इस वजह से आई नौबत

सूत्र बताते हैं कि विधानसभा चुनाव में अध्यक्ष ने पाला बदल लिया। लेकिन जब चुनाव परिणाम मन मुताबिक नहीं आए तो अध्यक्ष ने गलती महसूस हुई और एक बड़े कार्यक्रम में फिर से सरकार से पींग बढ़ाने का प्रयास किया। लेकिन सरकार इतनी भली कहां होती है, उसने पाला बदल अध्यक्ष को दुत्कार दिया। और अपने घोड़े अध्यक्ष को सबक सिखाने के लिए दौड़ा दिए। इस दौड़ा-दौड़ी में ही शुक्रवार को एक महिला पंचायत समिति सदस्य के पति ने एक अधिकारी को एक साथ सोलह शपथ पत्र देकर कहा कि अध्यक्ष सदन में बहुमत खो चुके हैं। इसलिए सदन की विशेष मीटिंग बुलाकर अध्यक्ष को बहुमत साबित करने को कहा जाए। साथ ही सदस्या के पति देव ने अफसर को ये भी कहा कि अगले कुछेक दिनों में उपाध्यक्ष के खिलाफ भी ऐसे ही एफिडेविट दे दिए जाएंगे। इस पर अधिकारी ने कहा कि जब मामला यहां तक पहुंच चुका है तो क्यों न अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बहुमत खोने का एक ही शपथ पत्र दिया जाए। इस पर पति देव सहमत हो गए। यहां ये भी बताते चलें कि अधिकारी ने पतिदेव को ये भी स्पष्ट कह दिया कि सदन की मीटिंग तय करने से पहले शपथ पत्र देने वाले पंचायत समिति सदस्यों की परेड जरूर करवाई जाएगी।

# हल्दीराम की फ्रेंचाइजी के नाम पर युवक से 2.40 लाख की ठगी

- साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी

**रोहतक।** एक युवक से हल्दीराम की फ्रेंचाइजी के नाम पर 2.40 लाख रुपये का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में हरिसिंह कॉलोनी निवासी मनीष ने बताया कि वह हल्दीराम की फ्रेंचाइजी लेने की सोच रहा था। इसके लिए 7 जनवरी को एक वेज पेज मिला, जिस पर एप्लीकेशन फार्म भर दिया। पीड़ति ने बताया कि इसके बाद उसके पास अमन अग्रवाल नामक युवक का फोन आया, जिसने बताया कि वह हल्दीराम कंपनी नागपुर महाराष्ट्र से बोल रहा है। आरोपी ने फोन पर सारी डिटेल ली और हल्दीराम का फार्म भेजा। उसने फार्म भरकर वापस भेज दिया। आरोपी ने फोन पर कहा कि वह फाइनेंस हेड राजीव अग्रवाल ने बात करवा रहा है, जो दस्तावेज वैरीफाई करेंगे। 21 जनवरी को राजीव नामक युवक ने फोन पर कहा कि आपकी रिक्वेस्ट अप्रूव हो गई है। पीड़ति मनीष ने बताया कि आरोपी ने उसके पास फर्जी लेटर भेज दिया और टोकन के नाम पर 65 हजार रुपये जमा करवा लिए। 27 जनवरी को एग्रीमेंट अमाउंट के नाम पर 1 लाख 75 हजार रुपये जमा करवाए। मनीष ने बताया कि हल्दीराम नागपुर आफिस में जाकर पता चला कि उनकी कोई वेबसाइट नहीं है। जो लेटर उसे मिला था, वह फर्जी है। मनीष ने इस मामले को लेकर साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज करवाई। साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# कोहरे के कारण कई रेलगाड़ियां निर्धारित समय से हुईं लेट

**रोहतक।** मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार को जहां गाड़ियां धीमी गति से चली वहीं रेलगाड़ियां भी अपने निर्धारित समय से देरी से प्लेटफार्मों पर पहुंची। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना तो करना ही पड़ा, उन्हें इंतजार के बाद बसों का रुख करना पड़ा है। कोहरे के कारण ट्रेन यातायात काफी प्रभावित हुआ। ट्रेन रद होने और देरी से आने के कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को तीन ट्रेन रद रही और दर्जन भर ट्रेनें 27 मिनट से लेकर तीन घंटे 38 मिनट तक की देरी से चली। रोहतक-दिल्ली डेमू (74012) 55 मिनट, भिवानी तिलक ब्रिज एक्सप्रेस (14737) 40 मिनट, जाखल दिल्ली पैसेंजर (54036) एक घंटे 53 मिनट, धौलादार एक्सप्रेस (14036) 51 मिनट, हिसार-नई दिल्ली पैसेंजर (54424) 27 मिनट, कुरुक्षेत्र-दिल्ली एक्सप्रेस (14024) 44 मिनट, पातालकोट एक्सप्रेस (14624) 48 मिनट, दिल्ली-भिवानी पैसेंजर (54005) 45 मिनट, मोगा इंटरसिटी (22485) 30 मिनट, दिल्ली-बठिंडा सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20409) 27 मिनट, नांदेद श्रीगंगानगर एक्सप्रेस (12485) 3 घंटे 38 मिनट, नई दिल्ली- जींद मेमू (64915) 1 घंटे 3 मिनट की देरी से रही। जींद-दिल्ली पैसेंजर 54034, दिल्ली-जींद पैसेंजर 54031 और नई दिल्ली-रोहतक एक्सप्रेस 14323 रद रही।



## खबर संक्षेप



### पुलिस ने कांग्रेसी नेता को हिरासत में लिया

**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया, बता दें कि मुख्यमन्त्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को रोहतक में थे, प्रशासन को भनक लगी कि प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ हरियाणा प्रदेश की युवाशक्ति, महिलाओं, किसानों व हरियाणा पुलिस के कर्मचारियों की मांगो को मुख्यमन्त्री के सामने उठा सकते हैं, जिसके मद्देनजर वशिष्ठ को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया।

### हेल्थ सुपरवाइजर हसीना देवी सेवानिवृत्त

**महम।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थुराना जिला हिसार में मल्टी परपज हेल्थ सुपरवाईजर पद पर कार्यरत हसीना देवी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गई। उनकी सेवानिवृति के मौके पर स्वास्थ्य केंद्र थुराना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग के कई सहकर्मी उन्हें विदा करने के लिए महम उनके आवास पर पहुंचे। महम में भी उनकी विदाई की खुशी में समारोह आयोजित किया गया।

### पावर कार्पोरेशन का मांगों को लेकर प्रदर्शन

**रोहतक।** आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन यूनियन ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले शुक्रवार को सर्कल की सभी यूनिटों पर मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिटों के प्रधान व संचालन यूनिट के सचिवों ने किया। राजीव गांधी विद्युत भवन पर राज्य सचिव धर्मराज कुण्डू ने सरकार की नीति तथा निर्णय के झूठे तथा खोखले वादों की पोल खोली। राज्य के नेता मंजीत बजाड़ ने निजीकरण तेज करने तथा मंहगाई का दोषी भाजपा सरकार को ठहराया।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन तारीखें तय की

**रोहतक।** संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की ऑनलाइन मीटिंग हुई। इसमें जिसमें टोल प्लाजा पर कंपनियों की गुंडागर्दी ,मनमानी और टोल वसूली के बावजूद सुविधाओं न देने के विरोध में 2 फरवरी को खटकड़ टोल फ्री करने के कार्यक्रम की योजना बनाई गई । 8 और 9 फरवरी को प्रदेश भर में सभी सांसदों को ज्ञापन दिये जायेंगे। पलवल जिला के भूड़पुर गांव के मोहम्मद यूसुफ की गौ तस्करी का झूठा आरोप लगा फर्जी गौरक्षकों द्वारा की गई हत्या में शामिल हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की।

### ओवरऑल ट्रॉफी विजेता बना सीआरएम स्कूल

**रोहतक।** चौधरी छोटूराम के 144वें जन्मोत्सव पर आयोजित स्कूल स्तरीय विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छोटूराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी ओवर ऑल ट्रॉफी के विजेता बने। वहीं उपविजेता ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल रहा। विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों को जाट शिक्षण संस्था के महासचिव नवदीप सिंह, कॉलेजियम सदस्य डॉ. कपूर सिंह, सीआरसी की प्रधान डॉ. शबनम राठी, छोटूराम जन्मोत्सव समारोह के सभापति डॉ. सुभाष दहिया ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दौड़ आज

रोहतक। महान स्वतंत्रता सेनानी, भारतीय संविधान सभा के सदस्य, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रोहतक रनर्स ग्रुप द्वारा 1 फ़रवरी को 14 किलोमीटर की श्रद्धांजलि दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ सुबह 6 बजे छोटूराम स्टेडियम से प्रारंभ होकर आईएमटी चौक चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा के समाधि स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर वापिस छोटूराम स्टेडियम में समाप्त होगी।

## ओरल कैंसर के लक्षणों को पहचान कर करवाएं समय पर इलाजः डॉ. अंबिका

# भारत में मुंह के कैंसर में लगातार बढ़ोत्तरी चिंता का विषयः डॉ. हरनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कैंसर होने से पहले भी आपका शरीर आपको कई तरह के लक्षण दिखाने लगता है जिसे समय रहते समझना जरूरी है यदि हम समय रहते उस पर ध्यान नहीं देते हैं तो वह जानलेवा साबित हो सकती है। कैंसर धीरे-धीरे अपने पैर पसार लेता है और समय पर उसका इलाज नहीं होने से यह मरीज को मौत के मुंह की तरफ ले जाता है। यह कहना है पोस्ट ग्रेजुएट इंसट्यिूट आफ डेंटल सांईसिंज की ओरल मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अंबिका गुप्ता का। उनके दिशा निर्देशन में शुक्रवार को पीजीआईडीएस के विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर हरनीत ने एक क्वीज प्रतियोगिता आयोजित करवाई।

डॉ. हरनीत सिंह ने बताया कि बीडीएस व पीजी छात्रों के पांच बैच बनाकर ओरल प्री कैंसर और ओरल कैंसर विषय पर एक क्वीज प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।



उन्होंने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में निधि, विदुषी, अवनी और डॉ. कनुप्रिया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जिज्ञासा, अदिति ,ऋषिका व डॉ. नवीन की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. हरनीत सिंह ने बताया कि भारत में मुंह का कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, देश में कैंसर के सभी मामलों में से 30 से अधिक मामलों में मुंह का कैंसर पाया जाता है, जो इसे इस क्षेत्र में कैंसर के सबसे प्रचलित रूपों में से एक बनाता है।

उन्होंने बताया कि एक आंकडें के अनुसार भारत में मुंह के कैंसर के कारण हर साल लगभग 77 हजार नए मामले सामने आते हैं और 52 हजार मौतें होती हैं। मुंह के कैंसर की बढ़ती चिंता को देखते हुए, इसके शुरुआती लक्षणों और संकेतों के बारे में जानना महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोगियों के लिए परिणामों और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रारंभिक निदान महत्वपूर्ण है। डॉ. हरनीत सिंह ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को मुंह में लगातार बने रहने वाले घाव जो कुछ सप्ताह में ठीक नहीं होते या फिर दोबारा हो जाते हैं, मुंह या होठों पर असामान्य लाल या सफेद धब्बे, मुंह, होंठ या गले में गांठ, सूजन या मोटापन, बिना किसी स्पष्ट कारण के मुंह से रक्तस्राव होना, मुंह या गले में लगातार दर्द या बेचैनी, चबाने या निगलने में समस्या, ऐसा महसूस होना कि गले में कुछ फंसा हुआ है, जीभ या मुंह के अन्य भागों में सुन्नपन, बिना किसी स्पष्ट दंत कारण के दांत ढीले हो जाना, आवाज में कर्कशता या अन्य परिवर्तन, सुनने की क्षमता में कमी के बिना लगातार कान में दर्द होना, अस्पष्टीकृत वजन घटना आदि लक्षण नजर आते हैं तो उन्हें तुरंत प्रभाव से पीजीआईडीएस के ओरल मेडिसन विभाग में दिखाना चाहिए ताकि समय रहते उसका उपचार किया जा सके।

### मुंह के कैंसर से जुड़े कुछ प्राथमिक कारण

1-धूम्रपान या तम्बाकू चबाना।
2-अत्यधिक एवं दीर्घकालिक शराब का सेवन।
3-खराब मौखिक स्वच्छता और दंत संबंधी समस्याएं।
4-कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, जो चिकित्सा स्थितियों या दवाओं के कारण हो सकती है।
5-कैंसर के प्रति आनुवंशिक प्रवृत्ति.
6-क्रोनिक गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) ।
7-यह रोग 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में अधिक आम है।
8-महिलाओं की तुलना में पुरुषों में अधिक आम है।

### बोले चिकित्सक

डॉ. लविना ने बताया कि हालांकि मुंह के कैंसर का सटीक कारण निर्धारित करना अक्सर मुश्किल होता है, लेकिन ऐसे कई कारक हैं जो किसी व्यक्ति में इस विकार के विकसित होने की संभावना को बढ़ा सकते हैं।



महम। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती चिड़ी खंड की महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी।

## रंगोली में चांदी गांव की तन्नू प्रथम मेहंदी में हिमांशी ने मारी बाजी

- महिला एवं बाल विकास विभाग ने चिड़ी ब्लॉक में निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चिड़ी ब्लॉक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कीअध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कमलेश द्वारा की गई। प्रोग्राम में मेहंदी पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता की गई। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुंदरपुर की हिमांशी ,द्वितीय स्थान सुंदरपुर की प्राची व तृतीय स्थान पर बैंसी गांव की प्रियंका रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इच्छा गांव सुंदरपुर, द्वितीय स्थान पर मानवी गांव टिटौली, व तृतीय स्थान घरौठी गांव की पूजा को प्राप्त हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गांव चांदी से तन्नू, द्वितीय स्थान गांव चांदी से दीक्षा, व तृतीय स्थान गांव टिटौली से सीमा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता जीतने वाली सभी महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जिन महिलाओं को सिर्फ बेटियां हैं, उनको सम्मानित किया गया व कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं को लिंगानुपात के बारे में व एनीमिया के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रैली भी निकली गई। सीडीपीओ कमलेश ने बताया कि जिन गांव का लिंगानुपात सबसे अच्छा रहा उन गांव की आंगनवाड़ी वर्करों को सम्मानित किया गया। इन गांव में पहले स्थान पर सिसरौली, दूसरे स्थान पर नांदल व तीसरे स्थान पर खरैंटी गांव रहा। इस प्रोग्राम में एएनएम इन्दु, सहायक सविता, सुपरवाइजर रसना दहिया व नेहा बल्हारा मौजूद रही।

## भजन पार्टी सदस्य सत्यवान सिंह 37 वर्ष की सेवा के उपरांत हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के कार्यालय में भजन पार्टी सदस्य सत्यवान सिंह लगभग 37 वर्ष की सेवा के उपरांत शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। विभाग के स्थानीय कार्यालय में उन्हें स्टाफ द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई तथा उनके स्वस्थ जीवन की कामना की गई। गांव लाढौत निवासी सत्यवान सिंह ने 13 जनवरी 1988 को झज्जर में सेवा की शुरुआत की थी। उन्होंने भजन पार्टी के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने सेवा के दौरान पंचकूला में भी सेवाएं दी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने सत्यवान सिंह के स्वस्थ जीवन की कामना की तथा उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंह, एआईपीआरओ दिलबाग, अधीक्षक कर्मवीर सिंह, लेखाकार सुमन बाला, नाटक निरीक्षक पवन कुमार, आईसीए परमजीत, स्नेहलता, लिपिक योगेश, चालक हरपाल, सुनील राठी, सुनील हुड्डा, विनोद भूषण, गीता प्रसाद, मनोज कुमार, प्रदीप, ऋषिकेश, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



## दिव्यांगों का जीवन सुधारने की जरूरतः डॉ. कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिव्यांग व्यक्तियों का स्वास्थ्य और कल्याण केवल चिकित्सा सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनके संपूर्ण जीवन स्तर को सुधारने का विषय है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान, सामाजिक समावेशन, शिक्षा और रोजगार के अवसर दिव्यांगों को देकर एक समावेशी और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। ये कहा है वीसी प्रो. राजबीर सिंह की पत्नी एवं भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने। डॉ. कौर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में संबोधन दे रही थी। एमडीयू के सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज (सीडीएस) द्वारा शुक्रवार को हेल्थ एंड वेल बीइंग ऑफ पर्सन्स विद डिसेबिलिटीः इश्यूज एंड इंटरवेंशन स्ट्रेटेजीज विषय पर आयोजित एक दिवसीय कंटीन्यूइंग रिहैबिलिटेशन एजुकेशन (सीआरई) प्रोग्राम का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करते डॉ. शरणजीत कौर ने दिव्यांगता से संबंधित स्वास्थ्य चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में चर्चा की। उन्होंने प्रोफेशनल बनने, कैपेसिटी बिल्डिंग पर फोकस करने और जॉब के अनुरूप अपनी स्किल्स डेवलप करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर भी विभिन्न भाषाओं में दक्षता प्राप्त करें। उन्होंने प्रतिभागियों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ सीआरई प्रोग्राम में भाग लेने की बात कही। कुलपति के सलाहकार प्रो. एके राजन ने अध्यक्षीय संबोधन में दिव्यांगों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलुओं को अपने संबोधन में रेखांकित किया। उन्होंने दिव्यांगों के संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए एनेबल लर्निंग एनवायरमेंट उपलब्ध करवाने तथा यूनिवर्सल डिजाइन लर्निंग की जरूरत पर बल देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि सिरतार, रोहतक के निदेशक डॉ. ए. डी. पासवान ने कहा कि हेल्थ ही रियल वेल्थ है। जीवन में सकारात्मक सोच बनाए रखने की बात उन्होंने कही। सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज की इंचार्ज प्रो. प्रतिमा ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया।




रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर। फोटो : हरिभूमि

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पांच कर्मी सेवानिवृत्त, फूलों-मालाओं से दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से शुक्रवार को तीन शिक्षक और दो गैर शिक्षक कर्मी सेवानिवृत हो गए। कुलपति कार्यालय स्थित कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले विवि कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सेवानिवृत होने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मियों- गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. दलीप सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरपी गर्ग, कैंपस स्कूल की शिक्षिका सरिता, फार्मेसी विभाग के एसएलए सुशील कुमार और इमसार के लिपिक बलवान को उनकी सेवानिवृति पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के कार्यकाल की सराहना की और विवि की प्रगति में उनके योगदान को सराहा। सेवानिवृत होने वाले प्राध्यापकों और कर्मियों ने अपने सेवा काल के अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस. मान, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. बी. नरसिम्हन, डीन, फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज प्रो. एससी. मलिक, निदेशक सीडीओई प्रो. नसीब सिंह गिल, इमसार निदेशक प्रो. सत्यवान बरोदा, शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. कुलताज, फार्मेसी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक, उप कुलसचिव सतीश जैन, कुलपति कार्यालय के अधीक्षक खैराती लाल समेत सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे।



रोहतक। सेवानिवृत होने वाले प्राध्यापकों एवं कर्मियों के साथ एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह

## विकास कार्यों की निरंतर की जा रही है निगरानीः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि विकास कार्यों की निरंतर रिर्पोट ली जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए जा चके हैं कि नगर निगम में विकास कार्यो की निंगरानी एवं जिन कार्यों के कार्य आदेश जारी किए जा चुके हैं, उनको तुरंत प्रभाव से चालू करवाया जाए। नगर निगम क्षेत्र में बहुत से कार्य वर्तमान में आरंभ है। सेक्टर 1 में सड़क निर्माण का कार्य, तेज कालोनी में लाईब्रेरी हॉल का कार्य, महाबीर कालोनी में गली निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके अलावा पालिका बाजार सड़क के साईट का कार्य, फ्रैंड्स कालोनी, गांव बोहर, बलियाणा में गली निर्माण का कार्य, सेक्टर 1 व 2 में पार्कों के सौन्दर्यकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में लगभग 16 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से तालाबों के सौन्दर्यकरण का कार्य प्रगति पर है, जिसकी निरंतर रिपोर्ट ली जा रही है। कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए गए हैं कि वे नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य के लिए एक बड़ी परियोजना भी तैयार करें। सभी विकास कार्यों का निरंतर निरीक्षण कर, गुणवता का विशेष ध्यान दिया जाये व कार्यों को निर्धारित समयावधि में ही पूर्ण करवाया जाये।





**रोहतक।** सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के साथ ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल।

### पुलिस के 7 कर्मचारी-अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

रोहतक। पुलिस में कार्यरत 7 कर्मचारी-अधिकारी शुक्रवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। पुलिस कार्यालय में स्थित सभागार में आयोजित विदाई समारोह में ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। हॉनरेरी निरीक्षक महाबीर सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक रविंद्र, हॉनरेरी निरीक्षक भगत राम, उपनि रोहताश कुमार, उपनि कर्मबीर, सउपनि सतेंद्र व मुख्य सिपाही सतीश सेवानिवृत हुए है। ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों ने अपने जीवन के सबसे कीमती समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। पुलिस विभाग उनका हमेशा ऋणी रहेगा।

## शोध करने में ईमानदारी और विश्वसनीयता के बारे में प्रेरित किया

# विशेषज्ञों ने शोध के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वराज सदन में नव प्रवेशित पीएचडी विद्यार्थियों के लिए आयोजित शोध प्रविधि विषयक सात दिवसीय कार्यशाला में शुक्रवार को विशेषज्ञों ने शोध के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला का आयोजन फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज द्वारा चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस कार्यशाला के कोऑर्डिनेटर प्रो. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह के सत्र में एमडीयू के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डा. निर्मल कुमार स्वैन ने साहित्यिक चोरी की मूल बातों पर एक रोचक व्याख्यान दिया। अगले सत्र में एनआईटी कुरुक्षेत्र के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डा. जितेंद्र छाबड़ा ने विद्यार्थियों को उपयुक्त जर्नल के चयन और गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन लिखने की व्यवस्थित प्रक्रिया के बारे में बताया। दोपहर के सत्रों में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. चंद्रकांत जग्गी ने तथा दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के रसायन विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. सुमन लता ने शोध में नैतिकता और कॉपीराइट मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए शोध करने में ईमानदारी और विश्वसनीयता के बारे में शोधार्थियों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर सीडीओई निदेशक प्रो. नसीब सिंह गिल, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति गुलिया, गणित विभाग से डॉ. अंजू पवार, कंप्यूटर साइंस विभाग से डॉ. अमरिंदर कौर, केमिस्ट्री से डॉ. संगीता यादव और साक्षी सहित शिक्षक और प्रतिभागी उपस्थित थे। गत दिवस इस कार्यशाला में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के प्रोफेसर डॉ. अकील अहमद ने मिनी टैब का उपयोग कर डेटा विश्लेषण पर रोचक व्याख्यान दिया। एमडीयू रोहतक के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश पुनिया, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. राहुल कटारिया, भारती विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन एंड मैनेजमेंट, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. एमएन होडा ने शोधार्थियों को महत्वपूर्ण शोध क्षेत्रों की खोज के लिए प्रेरित किया और गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशन लिखने के लिए बहुमूल्य जानकारी और अंतर्दृष्टि साझा की।




### इंस्टीट्यूट के निदेशक किया स्वागत

फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज के डीन प्रो. एससी मलिक, चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. संदीप मलिक और केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह ने विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया। डॉ. कोमल जाखड़ ने मंच का संचालन किया।

## खबर संक्षेप



### तीन नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**रोहतक।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने कार में सवार तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 50.91 ग्राम चिट्टा-हैरोइन बरामद किया गया है। हरियाणा एनसीबी रोहतक यूनिट के इंचार्ज सुखपाल सिंह ने बताया कि टीम नशीले पदार्थ की रोकथाम के संबंध में गांव मदीना में मौजूद थी। युवकों की तलाशी लेने पर 50.91 ग्राम चिट्टा-हरोइन बरामद हुआ।

### बच्चों को एनएसएस का बताया महत्व



**रोहतक।** शहीद प्रताप सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल जसिया में एनएसएस कैंप का शुभारम्भ क्लस्टर हेड और सांघी स्कूल के प्रिंसिपल जयपाल सिंह दहिया द्वारा किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना की और एनएसएस गीत गाया। प्रिंसिपल जयपाल दहिया ने बच्चों को एनएसएस का महत्व बताया और अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि स्कूल के 50 विद्यार्थी इस कैंप में भाग लेंगे।

### प्रो. राजपाल कॉमर्स विभाग के अध्यक्ष नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.



राजबीर सिंह ने कॉमर्स विभाग के प्रोफेसर डॉ. राज पाल को कॉमर्स विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर कॉमर्स विभागाध्यक्ष प्रो. राज पाल की नियुक्ति 31 मई 2026 तक प्रभावी रहेगी।

### बजट 2025- 26 से सेवानिवृत कर्मचारियों को उम्मीदें

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की वित्तमंत्री से उम्मीद है कि इस वर्ग को इनकम टैक्स से मुक्त करें ताकि बढती उम्र के साथ वो स्वयं की देखभाल ठीक से कर पाएं। महंगाई के दौर में दिया जा रहा मैडिकल भता भी अपर्याप्त है,इसे भी बढ़ा कर कम से कम तीन हजार प्रतिमाह किया जा सके। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी इन दो जायज मांगों को लेकर,देश के वित्तमंत्री की सकारात्मक घोषणा की बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### प्लाट के नाम पर 8 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**रोहतक।** गांव खिड़वाली हाल सेक्टर-34 सनसिटी निवासी सुभाष के साथ प्लाट के नाम पर करीब 8 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ दो बार पुलिस में शिकायत दी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके बाद पीड़ित ने आंबेडकर चौक पर धरना दे दिया है।

## मुख्य अतिथि फणीन्द्र नाथ शर्मा बीजेपी संगठन महामंत्री ने की ज्योत प्रचंड

# मंगलवार को सिंदूर चढ़ाने से प्रसन्न होते हैं हनुमान : साध्वी मानेश्वरी देवी

साध्वी मानेश्वरी देवी ने भक्तों को रामायण पढ़ने और उसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**रोहतक।** कार्यक्रम में पूजा करते मुख्य अतिथि माननीय फणीन्द्र नाथ शर्मा हरियाणा बीजेपी संगठन महामंत्री और डॉ. ओमवीर राठी (आई सर्जन बहादुरगढ़) और माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में उपस्थित भक्तजन।

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री की कृपा से शुक्रवार को गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने श्रद्धालुओं को श्री हनुमान कथा का श्रवण कराया। मुख्य अतिथि फणीन्द्र नाथ शर्मा बीजेपी संगठन महामंत्री ने ज्योत प्रचंड की। साध्वी मानेश्वरी देवी ने हनुमान की महिमा का दिव्य वर्णन किया। उन्होंने भक्तों को रामायण पढ़ने और उसे अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान को प्रसन्न करने के लिए हर मंगलवार उन्हें सिंदूर चढ़ाने की रोचक व प्रचलित कथा का उल्लेख विस्तारपूर्वक किया। उन्होंने कहा कि रामायण में भी बताया गया है कि भक्त हनुमान ने एक बार सीता मां को अपनी मांग में सिंदूर भरते हुए देख लिया। उत्सुकतापूर्ण जब उन्होंने सीता मां से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनके मांग में सिंदूर भरने से भगवान राम उनसे प्रसन्न रहते हैं और उन्हें दीर्घायु की प्राप्ति होगी। इसलिए वह प्रतिदिन अपनी मांग में एक चुटकी सिंदूर रोजाना भरती हैं। यह सुनकर हनुमान सोचने लगे कि जब सीता मां के एक चुटकी सिंदूर लगाने से राम उनसे प्रसन्न रहते हैं और उन्हें लंबी उम्र मिलती है, तो क्यों न मैं अपने पूरे शरीर पर सिंदूर लगाकर अपने प्रभु को सदा के लिए अमर कर दूं।

### 120 रोगियों का स्वास्थ्य जांचा

निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ. कृष्ण कुमार लांबा (श्री शिवानंद धर्मार्थ चिकित्सालय) और उनकी टीम ने 120 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। रोगियों का बीपी, शुगर, ईसीजी व अन्य टेस्ट किए गए और निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। डॉ. लांबा ने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहना चाहिए।

### कैंसर जांच शिविर आज

वही संकट मोचन मंदिर में 1 फरवरी को इंडियन कैंसर सोसायटी दिल्ली द्वारा सुबह 10 से 1 बजे तक कैंसर जांच शिविर का आयोजन होगा। इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श और जागरूकता संबंधी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।



### मुख्यमंत्री को निजी बस संचालकों की समस्याओं से अवगत करवाया

रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के रोहतक आगमन पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के साथ रोहतक को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन हरीश कौशिक ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। हरीश कौशिक द्वारा सहकारी परिवहन समितियों व निजी बस संचालकों की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया और रोहतक से जींद, रोहतक से पानीपत, रोहतक से गुरुग्राम एवं रोहतक से हिसार तक के रूट निर्धारित करवाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है।



### खिलाड़ियों ने मनाया वार्षिक टेबल टेनिस उत्सव

**रोहतक।** पिछले 25 सालों से हर साल टेबल टेनिस प्लेयर राज शर्मा एवं उमा शर्मा द्वारा टेबल टेनिस का जन्मदिन व उत्सव मनाया जाता है। जिसमें रोहतक शहर के ही नहीं रोहतक से बाहर के खिलाड़ी भी उपस्थित रहते हैं। गत 30 जनवरी को राज शर्मा के घर यह टेबल टेनिस उत्सव मनाया गया। खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत ग़ज़ल एवं फ़िल्मी गानों ने समां बांध दिया। इस उत्सव में अजय बंसल, रजिंदर बंसल, डॉ. डीके पूरी, डॉ. करण पुनिया, करण राज शर्मा, शेखर राज शर्मा, जिनेन्द्र जैन, विकास सैनी, भावना सैनी, पीयूष गखर, नेहा, गणेश आहूजा, राजू राजन, लव कुमार, अतुल मेहता, प्रितपाल, नितिन अत्री शामिल रहे। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी सुहाना सैनी भी उपस्थित रही। डॉ. पूरी एवं राजू रंजन ने गजलें गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान स्वर्गीय आरके डोगरा को श्रद्धांजलि दी गई। टेबल टेनिस टेबल के आकार का केक काटकर टेबल टेनिस उत्सव मनाया गया।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में अंतर सदन हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में अंतर सदन हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से कक्षा आठवीं तक के चारों सदन इक्वलिटी, पीस, प्रोग्रेस व यूनिटी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छह चरण व अंतिम रैपिड फायर चरण रहा। जिसमें विद्यार्थियों से प्रोजेक्टर के माध्यम से हिंदी व्याकरण के भिन्न-भिन्न उपविषयों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। कक्षा तीसरी से पांचवी जूनियर वर्ग में यूनिटी सदन से निशिका, वेदिता, जनक, हिरेन, आर्याना व आरोही ने प्रथम स्थान हासिल किया, पीस सदन रनर अप रहा। पीस सदन टीम सदस्य हर्षिता, ओमिषा, अरण्व, अनिक, आयूष व जय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा छठी से आठवीं में प्रोग्रस सदन प्रथम रहा व यूनिटी सदन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने विजेता सदनों को बधाई दी व कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है जिसे हम अच्छे से समझ सकते हैं, बोल सकते हैं और पढ़ सकते हैं। हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से विद्यार्थियों के विश्लेषणात्मक कौशल, मानक वर्तनी, मात्राओं संबंधी ज्ञान व आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या मशेंका, किरण, शोभा, दुर्गा, विन्नी, रवनीत, सीमा, मीनाक्षी, दीपमाला, संध्या, सिमरन, कोमल आदि मौजूद रहे।

# हरिओम सेवादल ने अज्ञात मरीज को परिवार से मिलवाया

- 26 जनवरी को गंभीर हालात में लाया गया था पीजीआई
- तबीयत में सुधार आने पर के बाद की गई पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिओम सेवादल एंबुलेंस के ड्राइवर सतिंदर व अमन ने 26 जनवरी को एक अज्ञात घायल व्यक्ति को पीजीआई में इलाज के लिए भर्ती करवाया था। जिसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले और गंभीर हालात में उसे पीजीआई लाया गया। सेवादारों की देखरेख के बाद तबीयत में सुधार आने पर उससे पूछताछ की गई तो उसने अपने आप को मुंबई महाराष्ट्र का निवासी बताया। परिजनों को सूचित करने पर परिजन भी रोहतक पहुंचे और उससे मिलवाया।

संचालक विजय खुराना ने बताया कि मेडिकल इंचार्ज हितेष ने मरीज द्वारा बताए फोन पर बात की तो परिवार वालों ने उस मरीज का नाम सन्दीप माने पुत्र पाडुराम माने बताया और परिवार वालों ने कहा कि वह मरीज को लेने आ रहे हैं। शुक्रवार को मरीज सन्दीप माने को उसके परिवार वालों ने मेडिकल वार्ड 5 में आकर संभाल लिया है। मरीज के परिवार वालों ने हरिओम सेवा दल संस्था का धन्यवाद किया। इस परिवार मिलन में संस्था के संस्थापक संजय खुराना, मेडिकल कमेटी मैम्बर देवेन्द्र शर्मा, हितेष, रवि सोहल, राकेश उपस्थित रहे।

# हरियाणा राज्य की टीमों के चयन ट्रायल 3 व 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड द्वारा अखिल भारतीय सिविल सेवा वालीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 18 फरवरी तक चेन्नई तथा कैरम खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 22 फरवरी तक महाराष्ट्र के पुणे में करवाया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के लिए हरियाणा राज्य की पुरूष व महिला टीम का चयन ट्रायल 3 व 4 फरवरी को कुरुक्षेत्र व अंबाला में होगा। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गट ने दी। उन्होंने बताया कि खेलों के लिए हरियाणा राज्य की वालीबाल टीम के चयन ट्रायल 3 फरवरी को कुरुक्षेत्र स्थित गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम तथा कैरम टीम के चयन ट्रायल 4 फरवरी को अंबाला स्थित वार हिरोज मैमोरियल स्टेडियम में होंगे। इस ट्रायल में हरियाणा राज्य के सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी भाग ले सकते हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले कर्मचारी-अधिकारी अपने-अपने विभाग से फोटो सहित यह प्रमाण पत्र साथ लेकर जाए कि वे अमुक विभाग-कार्यालय के सरकारी कर्मचारी-अधिकारी हैं। कर्मचारी व अधिकारी अपना सत्यापित जन्म प्रमाण पत्र व विभाग द्वारा जारी किया गया।



उपायुक्त धीरेंद्र




रोहतक छात्राओं के साथ जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ।

### सामाजिक सरोकारों से जुडने का आह्वान किया

**रोहतक।** भविष्य का भारत सामाजिक-सामुदायिक सरोकार उन्मुख विद्यार्थियों के योगदान से बनेगा। शिक्षार्थ आइए, सेवार्थ जाइए का मंत्र लेकर सामाजिक सरोकारों से जुडने का आह्वान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक तथा विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने शुक्रवार को महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस शिविर के समापन समारोह में किया। सुनित मुखर्जी ने बतौर मुख्य अतिथि इस समारोह में शिरकत की। सुनित मुखर्जी ने कहा कि आज सोशल एंटरप्रेन्योरशिप में भी करियर के बेहतर अवसर हैं। समाज कल्याण, सामुदायिक उत्थान, ग्रामीण विकास क्षेत्र में एंटरप्रेन्योरशिप का स्कोप है। उन्होंने टीच फॉर इंडिया, गूंज, चाइल्ड रिलीफ एण्ड यू समेत अनेक सोशल एनजीओ का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने प्रतिभागी वालंटियर्स को कम्युनिटी सर्विस में समय लगाने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अलख जगाने का परामर्श दिया।मुख्य अतिथि सुनित मुखर्जी ने शिविर के बेस्ट वालंटियर्स-अभिनव तथा शिवानी दहिया समेत अन्य इवेंट विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए।

# गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज ने बेसबॉल में पाया दूसरा स्थान

- मदवि में 28 व जनवरी को अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** विजेता टीम को बधाई देते कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा व खेल समिति सदस्य।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 28 व 29 जनवरी को अंतर महाविद्यालय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज की टीम ने पुरुष वर्ग में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रांगण में विजेता टीम का स्वागत कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा व खेल समिति सदस्यों द्वारा किया गया। प्राचार्य ने विजेता टीम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज का युवा अपना रुझान खेलों की तरफ दिखा रहा है यह एक सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि खेलों में गौड़ ब्राह्मण महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन निरंतर बेहतरीन चल रहा है। खेलों के माध्यम से युवा अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाता है, जिसके कारण समाज में तो बदलाव होता ही है इसके साथ ही देश की उन्नति में भी योगदान होता है। हमें अपने बेहतर शारीरिक, मानसिक स्वास्थ के लिए दैनिक जीवन में योग और व्यायाम को प्राथमिकता देनी चाहिए। इस मौके पर डॉ. सुखदेव शर्मा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. सीमा शर्मा, आशु शर्मा, रोहित कौशिक आदि मौजूद रहे।




### पठानिया स्कूल में मनाया वसंत पंचमी त्योहार

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी का त्योहार मनाया। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा चौथी, पांचवीं व छठी के विद्यार्थियों ने हे शारदे मां, हे शारदे मां' वंदना प्रस्तुत कर मां भारती की अराधना की। मंच संचालन निशा डंग व मोनिका पाहवा के निदेशन में लावण्या बतरा, रूद्रांश, सानविका, अनवी व काव्या ने किया। कक्षा पांच से गाव्या ने तथा कक्षा तीन से रियांश व कक्षा छठी से भाविका व वंशिका ने भाषण के माध्यम से इस त्योहार को मनाने का उद्देश्य बताया। कक्षा एक से अद्विका व कक्षा छठी से भव्या, वाणी और आर्शिया ने कविता सुनाकर सबका मन मोह लिया। विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था। वसंत ऋतु का आगमन प्रत्येक जनमानस के हृदय में हर्ष, उल्लास, उत्साह का संचरण करता है। इसी की अद्भुत झांकी कक्षा पांचवीं व छठी के विद्यार्थियों द्वारा वसंत पंचमी पर आयोजित प्रार्थना सभा में प्रस्तुत की गई। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।

## आयुक्त ने नगर निगम व पालिकाओं के कार्य से संबंधित समीक्षा के लिए बैठक का किया आयोजन

# संपत्तिकर से संबंधित आवेदनों को गंभीरता से लें वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने का कार्य भी किया जाए

- बकायादारों को संपत्तिकर भरने के नोटिस दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** अधिकारियों की मीटिंग लेते नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह।

नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने नगर निगम व पालिकाओं के कार्य से संबंधित समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि संपत्तिकर कार्य पर गंभीरता से कार्य किया जाये तथा लंबित आवेदनों पर तुरंत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बिना किसी कारण के आवेदन वापिस न किए जाएं, अगर किसी आवेदन को वापिस किया जाता है तो उसके लिए स्पष्ट कारण लिखा जाए। नगर निगम द्वारा संपत्तिकर बकायादारों को संपत्तिकर भरने के नोटिस दिए जा चुके हैं, उनको सीलिंग के नोटिस जारी कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए।

### अवैध विज्ञापन लगाने वालों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि अवैध विज्ञापन जैसे होर्डिंग्स, फ्लैक्स, पोस्टर आदि लगाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। बिना अनुमति के दुकानों व मकानों की छतों पर बड़े-बड़े अवैध विज्ञापन लगाने वालों की भी सूचि तैयार की जाए तथा उन पर भी नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाये। स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्य की समीक्षा करते हुए कार्यकारी अभियंता नगर निगम व सभी सचिवों को निर्देश दिए गए कि नगर निगम एवं पालिकाओं क्षेत्र में हर घर से कूड़े का उठान सुनिश्चित किया जाये। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के प्रत्येक मद पर कार्यवाही की जाये, सभी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में वेस्ट टू वंडर पार्क अवश्य बनायें। अब नगर निगम की टीमें कूड़ा इधर-उधर फेंकने वालों व डस्टबीन न रखने वालो के चालान करेंगी। बैठक में संयुक्त आयुक्त अभिनव सिवाच, भूपेन्द्र सिंह व नवदीप सिंह, उपनिगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह, कार्यकारी अभियंता मंदीप सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, सहायक नगर योजनाकार तिलक राज, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी जगबीर सिंह, शहरी परियोजना अधिकारी जगदीश चन्द्र व पालिकाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।



### समाधान शिविर में प्राप्त हुई 15 शिकायतें

**रोहतक।** नागरिकों की शिकायतों के निदान के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगराधीश अंकित कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनी तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे के निर्देश दिए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देशानुसार नगराधीश अंकित कुमार लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। समाधान शिविर में 15 शिकायतें प्राप्त हुई। संबंधित अधिकारियों ने मौके पर इन शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू की। सरकार की पहल के तहत नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए हर कार्य दिवस जिला मुख्यालय, उपमंडल मुख्यालय एवं नगर निगम कार्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों पर निदान किया जा रहा है।

### सूचना

मैं, वजीर सिंह पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी मदीना गिन्धरान, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र आशिष व उसकी पत्नी कुशम मेरे व मेरी पत्नी के कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं और मेरी पत्नी इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

MONTHLY SHOPPING PAR
MAHA BACHAT
UPTO 80% OFF
SHOP NOW
01 FEB. TO 07 FEB. 2025

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
ON ALL MRP 6% OFF
UPTO 80% OFF OFF
*T&C APPLY

ROHTAK
DIGHAL
SAMPLA
GOHANA
JHAJJAR
BAHADURGARH

## WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET ● Elenta का वादा, बचत सबसे ज्यादा!

- BROOKE BOND TAJ MAHAL TEA — MRP ~~₹710~~ OUR PRICE ₹549
- DABUR CHYAWANPRASH AWALEHA GUR (JAGGERY) 540GM — MRP ~~₹240~~ OUR PRICE ₹150
- TATA TEA PREMIUM 1KG — MRP ~~₹560~~ OUR PRICE ₹340
- BUY 1 GET 1 FREE! — DABUR GLUCOPLUS-C ORANGE 1KG
- FORTUNE SUN LITE OIL 1Ltr. — MRP ~~₹180~~ OUR PRICE ₹158
- FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1Ltr. — MRP ~~₹173~~ OUR PRICE ₹149
- MOTHER DAIRY GHEE 1Ltr. — MRP ~~₹675~~ OUR PRICE ₹555
- SAFFOLA GOLD OIL 1L POUCH — MRP ~~₹185~~ OUR PRICE ₹179
- Jivo pomace olive oil 5 ltr — MRP ~~₹4999~~ OUR PRICE ₹2499
- PREET LITE GHEE 1 LTR — @ ₹315
- HERSHEY'S SYRUP CHOCOLATE 623GM — MRP ~~₹230~~ OUR PRICE ₹155
- PRABHAS PURE DESI GHEE 1LTR — FREE! BUY 1 GET 1
- GAIA CRUNCHY MUESLI AMARANTH 750 GM BOX — FREE! BUY 1 GET 1
- DABUR VEDIC TEA 250G — FREE! BUY 1 GET 1
- DAVIDOFF RICH AROMA COFFEE 100G — MRP ~~₹749~~ OUR PRICE ₹599
- MY FITNESS WHEY PROTEIN — 50% OFF ON MRP
- UNIFIT KHAJOOR 500G — FREE! BUY 1 GET 1
- MARVEL TEA — 1 KG ONLY ₹349
- PRO NATURE — 20% OFF
- MYFITNESS PEANUT BUTTER — 40% OFF

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
- MOONG CHILKA 1KG — OUR PRICE ₹115
- RAJMA CHITRA 1KG — OUR PRICE ₹130
- MALKA MASOOR 1KG — OUR PRICE ₹80
- MALKA KALI DAAL 1KG — OUR PRICE ₹90

- CATCH COLDDRINK 1.25L — FREE! BUY 1 GET 1
- NESCAFE CLASSIC COFFEE — FREE RED MUG 190GM — FREE! OUR PRICE ₹735
- MAGGI TOMATO KETCHUP 970G — WITHOUT OFFER MRP ₹165 — OUR PRICE ₹99
- BUY 1 GET 5 FREE! — BORGES PASTA
- PEDIASURE CHOCLATE FLAVOR 1 KG — MRP ~~₹1785~~ OUR PRICE ₹1428
- KELLOGG'S OATS JAR 850G — MRP ~~₹224~~ OUR PRICE ₹140
- RAJDHANI BESAN 1KG — MRP ~~₹155~~ OUR PRICE ₹102
- DABUR CHYWANPRASH 950 GM — MRP ~~₹410~~ OUR PRICE ₹330
- BUY 1 GET 1 FREE! — SANSU CHYAWANPRASH KESAR YUKT
- VITA GHEE 1Ltr. — MRP ~~₹680~~ OUR PRICE ₹599
- INDIA GATE BASMATI RICE SUPER 5KG — MRP ~~₹1140~~ OUR PRICE ₹899
- INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG — MRP ~~₹1255~~ OUR PRICE ₹949
- AMUL BUTTER 500 GM — MRP ~~₹295~~ OUR PRICE ₹277
- JIVO MUSTERD OIL 1 L — MRP ~~₹255~~ OUR PRICE ₹165
- HIMALAYA BODY LOTION 400ML — BUY 1 GET 1 FREE
- k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- HIMALAYA DIAPERS LARGE PACKET — BUY 1 GET 1 FREE
- PEDIGREE DOG FOOD — 12.5% OFF ON MRP
- MILTON — upto 50% OFF ON MRP
- CLASSMATE NOTEBOOKS — 20% OFF ON MRP

UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!
Dollar 30% · JOCKEY 20% · BODYCARE 20% · VAN HEUSEN 20% · MACROMAN 30% · U.S. POLO ASSN. 20% · 30% · Lux cozi 30% · MACHO UNDERWEAR 30%

- PAMPERS ALL ROUND PROTECTION M-SIZE 76N — FREE! BUY 1 GET 1
- BUY 1 GET 2 FREE! — SAFE WASH
- KRESSA WIPES 50 PULLS — FREE! BUY 1 GET 1
- ODONIL ROOM SPRAY LAVENDER — FREE! @ ₹65
- BUY 2 GET 1 FREE! — BELLA VITA PARFUME
- TIDE 9KG — MRP ₹999 OUR PRICE ₹715
- PANTENE - LOREAL - DOVE - TRESEMME - HEAD & SHOLDER - CLINIC PLUS - SUNSILK SHAMPOO ABOVE 650ML — BUY 1 GET 1
- VASELINE BODY LOTION 400ML — FREE! BUY 1 GET 1
- FRESH START COCONUT & LIME SHOWER GEL 400ML — FREE! BUY 1 GET 1
- BUY 1 GET 5 FREE! — CLENSTA COSMOPOLITAN DEODORANT 150ML
- BUY 1 GET 2 FREE! — USTRA DEO
- PRIL LIQUID LIME 2LTR — PRICE ₹299 ~~MRP ₹499~~
- LUX ADVANCED RADIANT GLOW ROSE 150*3 — PRICE ₹129 ~~MRP ₹179~~
- ITC NIMEASY DISHWASH GEL 1L — FREE! BUY 1 GET 1
- BUY 2 GET 1 FREE! — Ariel Top/Front load matic liquid Detergent 3.2 ltr
- BUY 1 GET 1 FREE! — BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid

**Rohtak** Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480

**Bahadurgarh** Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899

**Jhajjar** Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531

**Sampla** Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800

**Gohana** Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626

**Dighal** Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.